# करबला के पास बनेगा दो मंजिला फायर स्टेशन और ई-चार्जिंग

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 अक्टूबर. बैतूल में जल्द ही महानगरों की तर्ज पर फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने नगरपालिका को करीब 4 एकड़ जमीन आवंटित की कार्यवाही शुरू कर दी है।**

**नपा को जिला प्रशासन से मिलेगी जमीन**

**मंजूरी मिलते ही शुरू होगा काम**

यह जमीन करबला के पास स्थित है, जहां इनका निर्माण होगा। इसके लिए 15वें वित्त आयोग से करीब 2 करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि फिलहाल बैतूल नगर पालिका के पास दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड हैं। जगह की कमी के कारण इन्हें नगरपालिका परिसर में ही खड़ा करना पड़ता है। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए अलग से कोई कमरे की सुविधा भी नपा के पास उपलब्ध नहीं है। मुख्य गेट के पास एक अस्थायी जगह पर ही फायर कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी निभाते हैं और जैसे ही इमरजेंसी कॉल आता है, फायर ब्रिगेड मौके पर रवाना हो जाती है। यह स्थिति वर्षो से बनी हुई है और कर्मचारियों ने कई बार अलग फायर स्टेशन की मांग भी उठाई थी।

**ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ :** फायर स्टेशन बनने से न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। शहर के बीचों बीच स्थित होने से आग लगने की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकेगा। वहीं



ग्रामीण इलाकों में भी फायर वाहन शहर के बाहर बने स्टेशन से सुगमता से निकलकर मौके तक पहुंच सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और नुकसान कम किया जा सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि बैतूल जैसे शहर में जहां लगातार शहरीकरण बढ़ रहा है, वहां आधुनिक फायर स्टेशन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की संख्या भी बढ़ेगी और बैतूल नगर पालिका क्षेत्र के लिए चार से पांच गाडियां हमेशा उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही हर स्टेशन पर एक फायर ऑफिसर और एक फायर सेफ्टी अधिकारी की नियुक्ति भी होगी। बताया गया कि फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन की कागजी कार्रवाई अंतिम चरण में है। इसके पूरा होते ही योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

> फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड इन तीनों के लिए हमारे द्वारा जमीन आवंटन हेतु जिला प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है। नगरीय प्रशासन आयुक्त कार्यालय भोपाल से मंजूरी मिलने के बाद इन तीनों परियोजनाओं पर काम शुरू करवाया जाएगा।
>
> **- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नपा बैतूल

### दो मंजिला बनेगा फायर स्टेशन भवन

जिला प्रशासन द्वारा आवंटित जमीन पर बनने वाले फायर स्टेशन पर दो मंजिला भवन होगा, जहां कार्यालय, कंट्रोल रूम और फायर कर्मियों के लिए आवास की भी व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा फायर वाहनों के लिए हाईटेंट, पानी की आपूर्ति की विशेष व्यवस्था तथा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म 70 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझाने में सक्षम होगा। इतना ही नहीं, फायर फाइटर्स को आधुनिक उपकरणों से लैस करने और उनके प्रशिक्षण की भी योजना है। उद्देश्य यह है कि किसी भी तरह की आगजनी की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सके। नगर पालिका के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भर के निकायों में फायर स्टेशन बनने वाले हैं। जिसकी ड्राइंग और डिजाइन एक जैसी होगी और शासन द्वारा अलग से इसका बजट आवंटित किया गया है।

### फायर स्टेशन नहीं, नपा में खड़े रहते हैं वाहन

शहर की सुरक्षा से जुड़ा सबसे अहम फायर सर्विस अभी वर्षों बाद भी बदहाल व्यवस्था में काम कर रहा है। न कर्मचारियों के लिए जगह, न ही फायर ब्रिगेड के लिए समुचित स्टेशन, ना ही प्रशिक्षित कर्मचारी, लेकिन अब हालात बदलने वाले हैं। फायर स्टेशन के लिए जमीन आवंटन और राशि स्वीकृति होने के बाद अब करबला के पास नया फायर स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। जो आधुनिकतम व्यवस्थाओ से लैस होने के साथ-साथ यहां कर्मचारियों के लिए आवास की भी व्यवस्था रहेगी। जिला प्रशासन का कहना है कि करबला रोड पर फायर स्टेशन, ई-चार्जिंग स्टेशन और आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन की कागजी कार्रवाई अंतिम चरण में है। इसके पूरा होते ही योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। नगरीय प्रशासन आयुक्त भोपाल द्वारा सभी नगर पालिकाओं को जमीन संबंधी जानकारी जल्द ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रक्रिया में देरी न हो।

## एक नजर में

### सेना की वर्दी पहनकर 23 हजार का लगाया चूना

**सारनी।** प्रदेश में साइबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। वहीं दूसरी तरफ सेना की वर्दी पहनकर 23 हजार खाते से हड़पने का नया मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि विगत दिनों सारनी के मोईन उर्फ काजू नाम ईट भट्टा ठेकेदार को केंदीय विद्यालय में दो ट्रॉली ईट देने का झांसा देकर आर्मी के मोनो वाले बारकोट से पैसा देने की बजाय उलटे 23 हजार की ठगी कर ली है। इस मामले में काजू ने पुलिस एवं साइबर विभाग को शिकायत दर्ज कराई है। इतना ही नही इसी तरह एक रेत ठेकेदार को पांच ट्रिप रेत केंद्रीय विद्यायल में डालने का झांसा देकर एक ट्राली रेत बुलाया गया। रेत का पैसा मिलिट्री के बारकोट से डालने का झांसा दिया गया। परन्तु रेत ठेकेदार उसके झांसा में नहीं आने पर ईट ठेकेदार को अपना शिकार बनाया है। बताया जाता है कि साईबर फाड पहले 8295247513 से फोन करके रेत या ईट डालने का झांसा देता है। रेत या ईट डालने पर ट्रैक्टर ट्रॉली की फोटो मांगता है। पैसा देने के लिए अपने अधिकारी का नंबर 987533070 देता है। उक्त अधिकारी आर्मी लिखे बार कोट से एक रूपया डालता है और सामने वाले का बार कोट मांगता है। बार कोट मिलते ही खाते से पैसा निकाल लेते है। ऐसे साईबर अपराधियों से बचने की जरूरत है किसी भी अनजान लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। हालांकि इस मामले में पुलिस एवं साइबर विभाग को शिकायत दर्ज कराई है।

### रंभा एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह आज

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान में रंभा एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन आज 17 अक्टूबर दिन शुक्रवार को तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि रंभा एकादशी का व्रत पूजन अनुष्ठान एक विशेष महत्व रखता है। इस एकादशी व्रत के करने से आर्थिक तंगी दूर होती है और घर में सुख समृद्धि का वातावरण आता है। रंभा एकादशी का व्रत करने से भगवान विष्णु का धाम प्राप्त होता है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। रंभा एकादशी का व्रत चातुर्मास की आखिरी एकादशी पर पड़ता है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी बाबू को जनपद ने दिया दूसरा मौका

**आमला।** जनपद पंचायत आमला में पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, जिस लेखापाल पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग चुके हैं, उसे सेवानिवृत्ति के बाद फिर से जनपद में संविदा पर नियुक्त करने की अनुशंसा कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता विक्रम बेले द्वारा लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें तत्कालीन सीईओ दानिश खान और लेखापाल बबन कुमरे पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1), 13(2) तथा धारा 120 बी भादवि





(भारतीय दंड संहिता) के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि दोनों ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर राशि अपने निजी खातों में स्थानांतरित की थी। उस समय जब बाबू जनपद में सेवानिवृत नहीं हुए थे तब ही यह शिकायत कलेक्टर, अपर कलेक्टर को की गई थी, लेकिन इसके बावजूद जनपद सदस्यों ने भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे इस बाबू को दोबारा अवसर देने की अनुशंसा कर दी। सूत्रों के मुताबिक, इस अनुशंसा को लेकर जनपद के भीतर भी विरोध के स्वर उठ रहे हैं। कई सदस्यों का कहना है प्रस्ताव हमें पढ़ाए नहीं गए थे और हस्ताक्षर करा लिए गए थे।लेकिन जब मामला दर्ज हो चुका है तो आरोपी अधिकारी या कर्मचारी को संविदा पर रखने के निर्णय को वापस लिया जाना चाहिए। जनपद प्रशासन के इस कदम ने स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि यह निर्णय न केवल जांच की निष्पक्षता को प्रभावित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही सरकारी मुहिम पर भी सवाल खड़े करता है।

> ऐसे भ्रष्ट बाबु के खिलाफ सभी जनपद सदस्य और अध्यक्ष के साथ मिलकर हटाने की बात पर चर्चा करेंगे।
>
> **किशन रघुवंशी,** जनपद उपाध्यक्ष

> हमारे पास अभी कोई ऐसा पत्र नहीं आया है अगर ऐसा कुछ आता है तो हम आगे की करवाई की जाएगी।
>
> **पंकज दारोठिया,** सीईओ जनपद आमला

## शोभापुर बस स्टॉप का दोबारा नहीं हुआ निर्माण

**पाथाखेड़ा।** गत माह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सारनी आगमन के दौरान बगडोना हवाई पट्टी तक पहुंच मार्ग तैयार करने के लिए नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा शोभापुर स्टॉप तक एक अस्थायी सड़क का निर्माण कराया गया था। इस मार्ग को बनाने के लिए शोभापुर बस स्टॉप के पास की जगह को तोड़कर रास्ता खोला गया, जिससे अब स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों के लिए बस स्टॉप न होने से लोग बरसात में भीगने और गर्मी-सर्दी में धूप व ठंड से परेशान हैं। शोभापुर कॉलोनी के



नागरिकों ने इस असुविधा पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए नगर पालिका से शीघ्र स्थायी बस स्टॉप निर्माण की मांग की है। बताया गया कि अस्थायी मार्ग निर्माण के दौरान कई जंगल क्षेत्र में आने वाले पेड़ों की कटाई भी की गई थी, जो आवश्यक नहीं थी। इससे पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नगरपालिका जल्द ही स्थाई स्टॉप निर्माण कार्य कर जन सुविधा को बहाल करेगी जिससे क्षेत्र की व्यवस्था सुचारू रूप से पुनः हो सकेगी। इस संबंध में जब नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी के मेश्राम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शोभापुर कॉलोनी में हाइवे तोड़कर बनाए गए अस्थायी मार्ग के कारण असुविधा का संज्ञान लिया गया है। नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव रखकर शीघ्र ही बस स्टॉप का पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल में पोषण माह कार्यक्रम का किया समापन

**बैतूल।** कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल में गुरुवार को खाद्य दिवस एवं पोषण माह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुधाकर पवार, सुरेश गायकवाड़, श्रीमती संगीता पवार उपस्थित थी। इस दौरान श्री सुधाकर पवार द्वारा मोटे अनाज से निर्मित विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके अलावा उन्होंने प्राकृतिक कृषि एवं पोषक अनाजों को अपने के लिए प्रेरित किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एसके तिवारी ने पोषण को बढ़ाने के लिए बायोफोर्टीफाइड फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. एमपी इंगले ने मोटे अनाज का पोषण में महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ.मेघा तिवारी द्वारा अनाज उत्पादन में प्राकृतिक खेती के घटकों का उपयोग करने के बारे में बताया। श्री संजय गहलवार ने स्वास्थ्य सुधार के लिए संतुलित पोषण आहार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सीडीपीओ एनएस ठाकुर, डॉ.संजीव वर्मा सहित सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## तृतीय पुण्यस्मृति पर वृद्धाश्रम में कराया भोजन

**पाथाखेड़ा। समाजसेवा और जनहित के प्रति समर्पित स्वर्गीय अवधेश सिंह की तृतीय पुण्य स्मृति पर गुरुवार को पाथाखेड़ा स्थित बाबा मठारदेव वृद्ध आश्रम में सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर उनके ज्येष्ठ पुत्र विक्की सिंह (विक्की साइनिंग स्टार) के नेतृत्व में वृद्ध आश्रम में निवासरत बुजुर्ग महिला-पुरुषों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया एवं वस्त्र दान किए गए। विक्की सिंह ने बताया कि स्व. अवधेश सिंह सदैव समाज के वंचित, पीड़ित और दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए



संघर्षरत रहे। वे न केवल एक सच्चे कांग्रेसी नेता थे, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से पूर्ण समाजसेवी भी थे। कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने उनके जीवन के कई प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो उठीं। स्व. अवधेश सिंह की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उनके दिखाए सेवा-पथ को आगे बढ़ाना था। आयोजन में कांग्रेस ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, देवानंद सिंह, वसीम खान, किरण झारबडे, सार्थक सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने बच्चों की मौत पर निकाला कैंडल मार्च

**सारनी।** आम आदमी पार्टी ने कफ सिरफ की वजह से बच्चो की मौत पर कैंडल मार्च एवं पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी कोर कमिटी मध्यप्रदेश सदस्य एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य अजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष सारनी रमेश भूमरकर, सिराज खान, विनोद जगताप मनोहर पचौरी, शिवकुमार, सुनील लोखंडे, प्रीतम भूमरकर, रमेश जावलकर संजय पासी आदि मौजूद थे। न्यू शॉपिंग सेंटर में आम आदमी पार्टी एवं व्यापारियों ने छिंदवाड़ा जिलें एवं बैतूल जिलें में हुई ज़हरीले कफ़ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौत पर मौन धारण कर बच्चों की पुण्य आत्मा की शांति के लिए शोक व्यक्त किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य अजय सोनी ने कहा कि बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगो पर कड़ी से कड़ी कारवाही जरूरी हैं। उन्होंने इस मामले में प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग को आड़े हाथों लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा की मांग भी की है। आम आदमी पार्टी ने बच्चो की असमय मौत पर चिन्ता जाहिर करते हुएं केंडल प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बगडोना में डिवाइडर की कमी से बढ़ी दुर्घटनाएं

**पाथाखेड़ा।** बगडोना हवाई पट्टी से लेकर कॉलेज गेट तक बने रोड पर डिवाइडर व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि छतरपुर चौक पर जहां एक डिवाइडर बनाया गया है, वहीं हवाई पट्टी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी के बाद ही दूसरा डिवाइडर नहीं दिया गया है। इस असमान व्यवस्था के कारण पेट्रोल पंप पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को रॉन्ग साइड चलना पड़ता है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना घट सकती है। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि पेट्रोल पंप से डीज़ल-पेट्रोल लेने



के लिए छोटी से लेकर बड़ी गाड़ियाँ रॉन्ग साइड से गुजरती हैं। इस वजह से यह मार्ग लगातार दुर्घटनाजन्य बन गया है। नागरिकों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंप के समीप उचित स्थान पर डिवाइडर का निर्माण कराया जाए, जिससे लोग सुरक्षित रूप से आवाजाही कर सकें। लोगों का कहना है कि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस विषय को लेकर आंदोलन करने पर विवश होंगे।

## छठ घाट का नपा अध्यक्ष एवं नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**सारनी। सतपुड़ा डेम पर छठ पूजा कार्यक्रम स्थल का नपा अध्यक्ष एवं नायब तहसीलदार ने निरीक्षण किया है।**

इस मौके पर टीआई जयपाल इवनाती, नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह एवं भोजपुरी समाज के नेता गण मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, थाना प्रभारी जयपाल इवनाती, एमपीईबी अमित बंसोड़, नपा स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार, भोजपुरी एकता मंच की जिला अध्यक्ष रंजीत



सिंह, अरूण सिंह, मुकेश यादव ने सतपुड़ा डेम पर जाकर छठ घाट का बारीकी से निरीक्षण किया। घाट निरीक्षण के बाद नपा अध्यक्ष श्री बरदे, उपाध्यक्ष पवार ने भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। भोजपुरी समाज के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रंगारंग कार्यक्रमों आतिशबाजियों के साथ साथ अलग अलग भगवान की झांकियां देखने को मिलेगी। भोजपुरी समाज के सदस्य इस कार्यक्रम को अपनी मेहनत से दिन रात एक करके सफल बनाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोजपुरी समाज के सदस्य, पुलिस प्रशासन, नपा प्रशासन, पत्रकार साथियों का विशेष सहयोग होता है। कार्यक्रम की भव्यता का पूरा ध्यान रख रहा है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा मेरा सौभाग्य है कि मैं नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में इस बार छठ पूजा के महापर्व में सहभागी बन रहा हूं हालांकि पिछले कई वर्षों से मैं छठ पूजा के कार्यक्रम में शामिल होता आया हूं, लेकिन इस बार नपा प्रशासन से जो भी बन पड़ेगा वह मेरे द्वारा व नपा उपाध्यक्ष द्वारा करवाया जाएगा।

**आयोजन** स्पर्श मेले में दिव्यांग बच्चों के हुनर की हुई सराहना, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की दिशा में प्रेरक पहल

# जनप्रतिनिधियों ने खरीदे दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पाद

**बैतूल। दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्पर्श मेला आयोजित किया गया।**

इस मेले में शासकीय अस्थिबाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मीमांसा केयर फाउंडेशन, ग्राम भारती महिला मंडल, नवल सेवी समिति, जयनारायण सर्वोदय विद्यालय घरौंदा सहित कई संस्थाओं के दिव्यांग बच्चों ने सहभागिता की। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर मेले का



शुभारंभ किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मेले में लगाई गई स्टालों पर जाकर दिव्यांग बच्चों से आत्मीय चर्चा की और उनके हाथों से बने उत्पादों की खरीदी भी की। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के ये आकर्षक उत्पाद उनके हुनर, बुद्धिमत्ता और आत्मबल का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अपनी कमी को ताकत बनाकर ये बच्चे हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्री खंडेलवाल ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 500-500 रुपए देकर उनके उत्पादों के विक्रय मूल्य से ज्यादा में खरीदारी की। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि इस दीपोत्सव पर स्वदेशी और दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित करें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ें।

### इच्छाशक्ति और आत्मबल से कोई कमी बाधा नहीं बनती : केन्द्रीय राज्यमंत्री

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि जब इच्छाशक्ति और आत्मबल प्रखर हो तो कोई भी शारीरिक कमी सफलता में बाधा नहीं बनती। उन्होंने कहा कि स्पर्श मेले में शामिल दिव्यांग बच्चों ने यह साबित किया है कि अगर मन में संकल्प हो तो हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है। श्री उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे आयोजन दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री रोशनी वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैतूल, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीपीसी शिक्षा, श्रम विभाग, अधीक्षक श्रीमती सीमा भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी की। सभी ने बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय मंत्री श्री उईके और विधायक श्री खंडेलवाल ने दिव्यांग बच्चों के साथ समूह चित्र खिंचवाया।

## रुपमा नृत्य मंजरी पटना करेगी नृत्य की प्रस्तुति

**सारनी। भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि छठ पूजा कार्यक्रम को भव्य रूप देने के रूप रेखा तैयार की जा रही है।**

**दो दिवसीय होगा छठ पूजा कार्यक्रम**

**छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर**

उन्होंने कहा कि इस साल छठ पूजा कार्यक्रम में रुपमा नृत्य मंजरी पटना की झांकी एवं नृत्य की प्रस्तुती की जायेगी। श्री सिंह ने कहा कि आस्था और विश्वास के महापर्व का त्यौहार सतपुडा डेम पर छठ घाट पर भोजपुरी एकता मंच आयोजित किया जाएगा। करता है। छट पूजा कार्यक्रम को



भव्य रूप देने के लिए रंगारंग कार्यक्रम, आतिशबाजी और भोजपुरी गीतों की शानदार प्रस्तुति की जाएगी। भोजपुरी एकता मंच के वरिष्ठ संरक्षक एवं सदस्य गणो के अलावा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, वरिष्ठ भरत सिह, अरूण सिंह, कमलेश सिह, विक्की सिह, जीपी सिह, प्रमोद सिहं, गोरख नाथ यादव, भूषण कान्ती, भोजपुरी एकता मंच के ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद सिह, नन्हे सिह, चेतन गुप्ता, ललन यादव, भोला सिह, अंजनी सिह, शिबू सिह, मुकेश यादव, नवल यादव, सुनील सिहं, बाबू सिह, लक्ष्मण साहू, धमेन्द्र राय, मिन्टू राय, निशांत भण्डारे, भीम बहादूर थापा, सुनील मोखड़े ने छठ घट का निरीक्षण किया है।